## जिला विकास अधिकारी जनपद गोरखपुर की अध्यक्षता में दिनांक 24.06.2023 को जल जीवन मिशन अन्तर्गत निर्मित/निर्माणाधीन ओवर हेड टैंक निर्माण तथा पानी कनेक्शन के सत्यापन की समीक्षा बैठक की कार्यवृत्ति।

उपस्थिति

1– अधिशासी अभियन्ता, जल निगम, ग्रामीण
2– जिला कृषि रक्षा अधिकारी
3– जिला ग्रामोद्योग अधिकारी
4– प्रसार प्रशिक्षण अधिकारी, चरगॉवा
5– भूमि संरक्षण अधिकारी,जल संसाधन
6– प्रधान सहायक, कार्यालय भूमि संरक्षण अधिकारी,कृषि
7– जिला कृषि अधिकारी
8– समस्त खण्ड विकास अधिकारी, ( वि0ख0 जंगल कौड़िया एवं भटहट को छोड़कर)।
9– श्री सरोज जेना, डी0जी0एम0, एन0सी0सी0 व अन्य
10– प्रोजेक्ट मैनेजर, ऋत्विक कोया
11– टीम लीडर मेधज व अन्य
12– जिला कोआर्डिनेटर डी0पी0एम0यू0, व अन्य स्टाफ
13– समस्त अवर अभियन्ता, जल निगम ग्रामीण
14– जिला कोआर्डिनेटर आई0एस0ए0

दिनांक 24–06–2023 को अपरान्ह 3.00 बजें से बैठक आहुत किया गया। बैठक मे उपरोक्त समस्त अधिकारी उपस्थित रहें।

बैठक में अधोहस्ताक्षरी द्वारा अवगत कराया गया कि परियोजनाओ के प्रारम्भ में शिलान्यास के समय तथा परियोजना पूर्ण होने के उपरान्त सम्बन्धित क्षेत्र के मा0 जनप्रतिनिधियो से उद्घाटन करायें।

समीक्षा में भूमि संरक्षण अधिकारी (जल संसाधन), जिला कृषि रक्षा अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, सहायक निदेशक, रेशम तथा अधीक्षक राजकीय उद्यान द्वारा सत्यापन रिपोर्ट उपलब्ध नही करायी गयी है इस कारण से अधोहस्ताक्षरी द्वारा काफी नाराजगी व्यक्त की गयी तथा निर्देशित किया गया कि सभी जनपदस्तरीय अधिकारी प्रत्येक माह में कम से कम 10 ग्राम पंचायतो में ओवर हेड टैंक आदि का भ्रमण/सत्यापन कर निरीक्षण आख्या उपलब्ध कराये। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाय।

**(कार्यवाही–समस्त नोडल अधिकारी )**

इसी प्रकार विकास खण्डस्तरीय नोडल अधिकारी से ओवर हेड टैंक आदि का सत्यापन कर सत्यापन आख्या उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया है। समीक्षा में खण्ड विकास अधिकारी कैम्पियरगंज, पाली कौडीराम, गगहा, बड़हलगंज, खजनी, भरोहिया, चरगॉवा, गोला, उरूवा, एवं सरदारनगर, द्वारा सत्यापन रिपोर्ट उपलब्ध नही कराया गया है इस कारण से अधोहस्ताक्षरी द्वारा काफी नाराजगी व्यक्त की गयी तथा निर्देशित किया गया कि सभी खण्ड विकास अधिकारी प्रत्येक माह में कम से कम 10 ग्राम पंचायतो में ओवर हेड टैंक, हाउस कनेक्शन, बाउण्ड्रीवाल, पम्प हाउस आदि का

भ्रमण/सत्यापन करे तथा कमियों का विवरण तैयार कर उपलब्ध कराये, जिससे कार्यो में सुधार कराया जा सकें।

(कार्यवाही–अधिशासी अभियन्ता जल निगम/मे0एन0सी0सी0/ऋत्विक कोया)

**खण्ड विकास अधिकारी पिपरौली** ने ग्राम पंचायत नन्दापार, खानिमपुर, बहरामपुर का निरीक्षण/सत्यापन कर आख्या उपलब्ध कराया गया है जिसमें **ग्राम पंचायत नन्दापार में** कार्यस्थल पर सामग्री समाप्त पाया गया तथा कार्य की प्रगति काफी धीमी पायी गयी। **ग्राम पंचायत खानिमपुर में** कार्य की प्रगति बहुत धीमी पायी गयी, मात्र एक मिस्त्री और दो लेबर लगे हुए थे कार्य पिछले साल भर से चल रहा है परन्तु अभी तक ओ0एच0टी0 स्ट्रक्चर का काम शुरू नहीं हो पाया है। लगभग 3फिट मिट्टी भराई होना शेष है। **ग्राम पंचायत बहरामपुर में** बाउन्ड्रीवाल का कार्य अभी शेष है, ईट अघोमानक गुणवत्ता के पाया गया। कार्यस्थल पर बरसात में लगभग दो माह तक 2–3 फीट पानी में डूबा रहता है,

अधोहस्ताक्षरी द्वारा उक्त के सम्बन्ध में कार्यदायी संस्था एन0सी0सी0 को निर्देशित किया की कार्यो में तेजी लाये, कार्य स्थल पर सामग्री पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध करायें तथा बरसात के पूर्व कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

(कार्यवाही–अधिशासी अभियन्ता जल निगम/मे0एन0सी0सी0/ऋत्विक कोया)

**खण्ड विकास अधिकारी ब्रम्हपुर** ने ग्राम पंचायत परसौनी, रामपुर, ब्रम्हपुर, कोल्हुआ, मठिया, भैसहीनरेश, बेनीजोत खरहरा, भिस्वा, हरपुर, बोहाबार, हरैया, कोना सोनबरसा, करही, नेवढ़ी, खैरखुटा, भरकक्षा, सरार मझगॉवा, गजाईकोल, बक्सूडी, मुण्डेरा ठकुराई, का निरीक्षण/सत्यापन कर आख्या उपलब्ध कराया गया है जिसमें ग्राम पंचायत परसौनी, भैसही नरेश, बेनीजोत खरहरा, भिस्वा, मुण्डेराठकुराई, नेवढी, सरारमझगॉवा में सिर्फ जमीन चिन्हांकन किया गया है, कार्य प्रारम्भ नही है।

अधोहस्ताक्षरी द्वारा उक्त ग्राम पचायत के कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया गया कि जिस ग्राम पंचायत में कार्यस्थल का चयन हो चुका है वहॉ पर शीघ्र कार्य प्रारम्भ करायें।

इसी प्रकार विकास खण्ड ब्रम्हपुर के ग्राम पंचायत रामपुर, ब्रम्हपुर, कोल्हुआ, मठिया, हरपुर, बोहाबार, हरैया, कोनासोनबरसा, खैरखुटा, भरकक्षा, गजाईकोल, बक्सूडी में टंकी नहीं बना है, स्टाप क्वार्टर नहीं बना है, बाउण्ड्रीवाल नहीं बना है।

अधोहस्ताक्षरी द्वारा कार्यो के धीमी प्रगति से काफी नाराजगी व्यक्त की गयी तथा निर्देशित किया गया की कार्यो में तेजी लाते हुये कार्य पूर्ण कराया जाय।

(कार्यवाही–अधिशासी अभियन्ता जल निगम/मे0एन0सी0सी0/ऋत्विक कोया)

**खण्ड विकास अधिकारी भटहट** ने ग्राम पंचायत रामपुर खुर्द, करमहा खुर्द, मोहिउद्दीनपुर, जंगल सेमरा, अतरौलिया, करमहा बुजुर्ग, जं0डुमरी नं0–, परशुरामपुर, महरी, आराजी चिलबिलवा, चकिया, भलुही, जंगल हरपुर, बजहॉ, बरगदही, नियामतपुर, फुलवरिया, विउराडीह का निरीक्षण/सत्यापन कर आख्या उपलब्ध कराया गया है जिसमें ग्राम पंचायत रामपुर खुर्द, करमहा खुर्द, मोहिउद्दीनपुर, जंगल सेमरा, अतरौलिया, में जगह जगह पानी का पाईप खराब पाया गया है। ग्राम पंचायत, परशुरामपुर, महरी, आराजी चिलबिलवा, चकिया, भलुही, जंगल हरपुर, बजहॉ, बरगदही, नियामतपुर, में पाईप बिछाने हेतु सड़क तोड़ दिया गया है।

अधोहस्ताक्षरी द्वारा जिस ग्राम पंचायत में पाइप के खराब होने से पानी की सप्लाई नही हो रही है उसे सम्बन्धित कार्यदायी संस्था को बदलवाने का निर्देश दिया गया, तथा निर्देशित किया गया कि पाइप बिछाने मे जहॉ भी सी0सी0/इण्टरलॉकिंग सड़क क्षतिग्रस्त हुई है उसको बरसात के पूर्व ठीक कराना सुनिश्चित करें, जिससे ग्रामीणो के आवागमन में कोई असुविधा न हो।

(कार्यवाही–अधिशासी **अभियन्ता जल निगम/मे0एन0सी0सी0/ऋत्विक कोया**)

**खण्ड विकास अधिकारी जंगल कौड़िया** ने ग्राम पंचायत फुलवरिया का सत्यापन कर आख्या प्रेषित किया है जिसमे पाईप कनेक्शन हुआ है परन्तु पानी का सप्लाई नही हो रहा है।

अधोहस्ताक्षरी द्वारा कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया गया की कमियों को ठीक कराकर ग्राम पंचायत फुलवरिया में पानी की सप्लाई कराना सुनिश्चित करें।

**(कार्यवाही–अधिशासी अभियन्ता जल निगम/मे0एन0सी0सी0/ऋत्विक कोया)**

**जला ग्रामोद्योग अधिकारी, गोरखपुर** ने विकास खण्ड गगहा के बैदौली, बैरियार, नरायनपुर खुर्द, समयस्थान भीटी तथा विकास खण्ड बड़हलगंज के ग्राम पंचायत सेमरा बुजुर्ग, सेमरा खुर्द, मोहन पौहरिया का निरीक्षण/सत्यापन कर आख्या उपलब्ध कराया गया है जिसमें ग्राम पंचायत सेमरा बुजुर्ग, सेमरा खुर्द, मोहन पौहरिया में कार्य बन्द पाया गया है। विकास खण्ड गगहा के ग्राम पंचायत नरायनपुर खुर्द में ईट की गुणवत्ता ठीक नही पायी गयी है।

अधोहस्ताक्षरी द्वारा कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया गया की उक्त ग्राम पंचायतो मे बन्द पड़े कार्यो को तत्काल प्रारम्भ कराना सुनिश्चित करें तथा ईट प्रथम् श्रेणी का प्रयोग किया जाय। खराब ईट को कार्यस्थल से हटाने हेतु निर्देशित किया गया।

(कार्यवाही–अधिशासी **अभियन्ता जल निगम/मे0एन0सी0सी0/ऋत्विक कोया**)

मेसर्स एन0सी0सी0 के डी0जी0एम0 श्री सरोज जेना द्वारा अवगत कराया गया कि कुल 09 स्थानो पर कोर्ट केस चल रहा है, श्री सरोज जेना द्वारा यह भी अवगत कराया है कि विकास खण्ड पिपराईच के ग्राम पंचायत चिलविलवा एवं विकास खण्ड भरोहिया के ग्राम पंचायत बिस्टौली में कुछ ग्रामीण जन द्वारा कार्य प्रारम्भ नही करने दिया जा रहा है।

अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया गया कि सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी उक्त स्थानो को स्वयं जाकर देख लें, तथा मामलों का निस्तारण कर कार्य प्रारम्भ कराया जाय, आवश्यकता पड़ने पर पुलिस बल का सहयोग भी प्राप्त किया जाय।

**(कार्यवाही–अधिशासी अभियन्ता जल निगम/मे0एन0सी0सी0/ऋत्विक कोया/खण्ड विकास अधिकारी)**

विकास खण्ड भटहट में 04 कार्य स्थल पर बड़े बड़े वृक्ष है जिसके कारण कार्य प्रारम्भ नही हो सका है। निर्देशित किया गया कि खण्ड विकास अधिकारी भटहट कार्य स्थल का निरीक्षण कर लें, तथा वृक्ष के कटान के सम्बन्ध मे आवश्यक कार्यवाही करें। एन0सी0सी0 को निर्देशित किया गया कि प्रभागीय वनाधिकारी वन

प्रभाग से समन्वय स्थापित करते हुये वृक्ष के कटान के पश्चात तत्काल कार्य प्रारम्भ कराया जाय।

**(कार्यवाही—अधिशासी अभियन्ता जल निगम / मे0एन0सी0सी0 / ऋत्विक कोया )**

निर्देशित किया गया कि समस्त जनपदस्तरीय अधिकारी / खण्ड विकास अधिकारी आवंटित विकास खण्ड में प्रत्येक माह कम से कम 10 ग्राम पंचायतो का सत्यापन कर आख्या उपलब्ध करायें। सभी अवर अभियन्ता, जल निगम ग्रामीण अपने अपने आवंटित विकास खण्ड के खण्ड विकास अधिकारी महोदय से समन्वय स्थापित करे, तथा बन्द पड़ी परियोजनाओ में पायी गयी कमियों को खण्ड विकास अधिकारी के संज्ञान में लायें एवं उन्हे ठीक कराकर संचालन कराना सुनिश्चित करें।

28.06.23

जिला विकास अधिकारी
गोरखपुर

पत्रांक 1180 / तद्दिनाकित। 28-6-2023

प्रतिलिपिः—निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित—

1— जिलाधिकारी, गोरखपुर।
2— मुख्य विकास अधिकारी, गोरखपुर।
3— समस्त नामित नोडल अधिकारी जनपद गोरखपुर ।
4— समस्त खण्ड विकास अधिकारी जनपद गोरखपुर ।
5— अधिशासी अभियन्ता, दशम खण्ड, जल निगम, ग्रामीण गोरखपुर।
6— मेसर्स एन0सी0सी0लि0 / मेसर्स ऋत्विक कोया, जनपद गोरखपुर।
7— मेसर्स मेधज टेक्नो कान्सेप्ट प्रा0 लि0 जनपद गोरखपुर।
8— जिला कोआर्डिनेटर, डी0पी0एम0यू0 जनपद गोरखपुर।

28.06.23

जिला विकास अधिकारी
गोरखपुर